दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क दुर्घटना में मृत परिवारों के वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत 4 लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु पश्चात एसडीएम खरसिया द्वारा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की अनुशंसा पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 25-25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इनमें तहसील खरसिया अंतर्गत गजानंद पटेल, गोरपार के विनायक दास, सूर्या विहार कालोनी रायगढ़ के विशालचंद्र राय तथा जोबी खरसिया के टिकेश वैष्णव की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हुई थी। जिसके उपरांत मृतक के नजदीकी वारिसानों को वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय: कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को

### विद्यार्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र वेबसाईट से कर सकेंगे डाउनलोड

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल 2025 को होगा। प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थी सत्र 2025-26 में प्राक्चयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-admission पर क्लिक करके डाउनलोड कर सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा तिथि को उपस्थिति/रिपोटिंग 20 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से होगा। इसी तरह कक्ष परीविक्षक द्वारा परीक्षार्थी के ओएमआर सीट 20 अप्रैल को प्रात: 9 से 10 बजे तक भराया जाएगा और 20 अप्रैल 2025 रविवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा का आयोजन होगा।

### हाईवोल्टेज वायर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**बीजापुर (आरएनएस)।** गुरुवार शाम बीजापुर में एक बड़ी घटना हुई, जब बारिश के बाद नेशनल हाइवे पर बीएसएनएल ऑफिस के सामने हाई वोल्टेज वायर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। यह घटना उस समय हुई जब वायर डिवाइडर के ऊपर बिछी हुई थी। घंटों तक आग जलती रही, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई तत्काल कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि आग बुझ गई, लेकिन अब भी हाईवोल्टेज तारों में करंट दौड़ रहा है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है। बावजूद इसके, प्रशासन से कोई टीम घटनास्थल पर सुबह तक नहीं पहुंची है। व्यापारी और नागरिकों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो किसी बड़े हादसे का सामना करना पड़ सकता है।

### 20 लाख के ईनामी चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (आरएनएस)।** सुकमा पुलिस को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे से पहले बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार को 20 लाख के ईनामी चार नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के समक्ष तीन पुरुष और एक महिला नक्सलियों ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुरुष नक्सलियों पर जहां 8-8 लाख रुपए तो वहीं एक पुरुष और एक महिला नक्सली पर 2-2 लाख रुपए का इनाम रखा हुआ था। आत्मसमर्पण करने पर इन नक्सलियों को शासन के नई पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार की बजाए 50 हजार रुपए प्रदान किया गया है।

### शिवनाथ एक्सप्रेस में 70 लाख रूपयों के गहनों की चोरी

**दुर्ग (आरएनएस)।** शिवनाथ एक्सप्रेस में एक यात्री का गहनों तथा रूपयों से भरा बैग चोरी होने की जानकारी मिली है। बताया जाता हे कि गहने 70 लाख रुपए कीमत के थे। यह चोरी गोंदिया से दुर्ग के बीच की बताई जा रही है। सूचना के बाद आरपीएफ के उच्च अधिकारी दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे है और वहां सीसीटीवी फु टेज की जांच कर रहे है। सूत्रों के अनुसार केस को गोंदिया की एक स्पेशल टीम जांच कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोंदिया से दुर्ग एक यात्री हिना दिनेश भाई पटेल 18240 ट्रेन के बर्थ नंबर एसए1 की सीट नंबर 19-21 पर अपने पति के साथ यात्रा कर रही थी। डोंगरगढ़ के पास उक्त यात्री ने अपने पर्स देखा उसके बाद ये पर्स वहां से गायब हो गया। महिला के पर्स में दोडायमंड के सेट, 4 अंगूठी और 45 हजार रुपए नगद थे। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# रायगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई : अंतरजिला बाइक चोरी रैकेट का भंडाफोड़, 16 बाइक जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

- बाइक चोर और खरीददार के खिलाफ कार्रवाई में आरोपियों से चोरी गये 10 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त
- बाइक चोरी में मास्टर चाबी का था खेल, बाइक चोर गैंग पर लगाया गया संगठित अपराध का केस



रायगढ़

शहर और आसपास के क्षेत्रों में हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, साइबर डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के नेतृत्व में की गई इस संयुक्त कार्रवाई में 16 चोरी की बाइकें बरामद की गई हैं और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो वाहन चोर और दो चोरी की संपत्ति के खरीदार शामिल हैं।

गिरोह के खुलासे की शुरुआत उस समय हुई जब मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि अजय कुमार कोसले नामक युवक अपने साथी विष्णु कोसले के साथ मिलकर रायगढ़ शहर और आसपास के क्षेत्रों में बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही अजय से पूछताछ किया गया, जिसने पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपी ने बताया कि वह और विष्णु मिलकर पुसौर, खरसिया, जूटमिल, कोतवाली, चक्रधरनगर थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चुरा रहे थे और इन्हें सारंगढ़ के मनोज देवांगन तथा महासमुंद के हृदय देवांगन को 10 से 12 हजार रुपये में बेच देते थे। पुलिस टीम ने आरोपी आजय कोसले से 04, विष्णु कोसले से 03, मनोज देवांगन से 04 तथा हृदय देवांगन से 05 कुल 16 बाइक बरामद की गई है।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम के जरिए विष्णु कोसले, मनोज देवांगन और हृदय देवांगन को दबिश देकर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मास्टर चाबी बनाकर रात के अंधेरे में सुनसान जगह खड़ी बाइकों को निशाना बनाते थे और चोरी की गई बाइक को एक दिन अपने किराए के मकान में छिपाकर अगले दिन खरीदारों को बेच देते थे।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इन चोरी की घटनाओं को योजनाबद्ध गिरोह बनाकर अंजाम दिया जा रहा था। इसी आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संगठित अपराध संबंधी धारा 112(2), चोरी संपत्ति की खरीदी-बिक्री से संबंधित धारा 317(2) और 317(4) के तहत धारा विस्तार किया गया है।

आरोपियों के कब्जे से थाना चक्रधरनगर क्षेत्र से टीवी टावर रोड, अंकुर अस्पताल, केलो बिहार, थाना कोतवाली क्षेत्र से बैकुंठपुर, ढिमरापुर चौक, शनि मंदिर, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल, गांधीगंज, बीडपारा, मालधक्का रोड, थाना जूटमिल क्षेत्र से प्रगति नगर, थाना पुसौर के तेतला से चोरी की गई। संबंधित 10 एफआईआर- थाना चक्रधरनगर में 32/2025, 61/205, और 138/2025 थाना कोतवाली में 27/2025 109/2025, 117/2025, 746/2025 थाना जूटमिल में 104/2025, 108/2025 थाना पुसौर में 84/2025 धारा 303(2) बीएनएस में बरामद बाइकों की जब्ती को शामिल करते हुए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बरामद 16 बाइकों की अनुमानित कीमत लगभग 10.10 लाख रुपये है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला तथा डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल, चक्रधरनगर थाना प्रभारी अमित शुक्ला, जूटमिल थाना प्रभारी प्रशांत राव, सहायक उप निरीक्षक नंदकुमार सारथी, श्याम देव साहू और साइबर सेल प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, रेनू सिंह, आरक्षक महेश पंडा, प्रशांत पंडा, पुष्पेंद्र जटवार, विकास प्रधान, विक्रम सिंह, रविंद्र गुप्ता, सुरेश सिदार, प्रताप बेहरा, तथा थाना कोतवाली के आरक्षक मनोज पटनायक कमलेश यादव की सक्रिय भूमिका रही।

**गिरफ्तार आरोपी-** 1- अजय कुमार कोसले पिता धनीराम कोसले 24 साल, निवासी ग्राम नाचनपाल, थाना कोसीर जिला सारंगढ-बिलाईगढ़, वर्तमान पता नवापारा किराया मकान जूटमिल, रायगढ़

2- विष्णु कोसले पिता पान बेचा कोसले 29 साल, निवासी ग्राम नाचनपाल, थाना कोसीर जिला सारंगढ-बिलाईगढ़, वर्तमान पता नवापारा किराया मकान जूटमिल, रायगढ़

3- मनोज कुमार देवांगन पिता स्व0 छैभईया देवांगन 30 साल निवासी मौहारभांठा, सारंगढ़, जिला सारंगढ-बिलाईगढ़ (चोरी संपत्ति खरीददार)

4- हृदय देवांगन पिता कार्तिक देवांगन 50 साल ग्राम भरतपुर थाना बसना, जिला महासमुंद (चोरी संपत्ति खरीददार)

**जप्त संपत्ति-** 16 मोटर सायकल कीमती करीब 10.10 लाख रूपये।

## जूटमिल पुलिस की शराब तस्करों पर दबिश, दो शराब रेड कार्यवाई में भारी मात्रा में शराब व 2 बाइक जब्त

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन में अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए थाना जूटमिल प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में आज जूटमिल पुलिस ने एक के बाद एक दो बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर की सटीक सूचना पर अलग-अलग स्थानों में की गई दबिश में दो आरोपियों को शराब परिवहन करते रंगेहाथ पकड़ा गया। दोनों मामलों में कुल 62 नग देशी शराब और परिवहन में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल जब्त कर धारा 34(2), 59-क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पहली कार्रवाई सावित्री नगर रोड स्थित एवन होटल के पास की गई, जहां मोटरसाइकिल में बैग लटकाकर घूम रहे युवक सूरज लहरे 25 साल निवासी भजनडीपा, राजीव गांधी नगर को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 10 नग देशी प्लेन और 22 नग देशी मसाला कुल 32 नग शराब (5.760 वॉल्यूम लीटर) बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत रु.3,320 है। आरोपी के कब्जे से शराब परिवहन में उपयोग की गई सुपर स्प्लेंडर बाइक (क्रमांक CG13-UJ-6019) भी जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग रु.15,000 आँकी गई है।

दूसरी कार्रवाई में टाउन पेट्रोलिंग के दौरान सावित्री नगर रोड स्थित बेनी कुंज के पास मो.सा. होंडा साइन (क्रमांक CG13-AC-0688) में सवार भरत लाल नायक, 41 साल निवासी धनागर को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह बिक्री हेतु देशी प्लेन शराब लेकर जा रहा था। आरोपी से कुल 30 नग शराब और बाइक को मौके पर ही जब्त किया गया।

इन दोनों दबिशों में निरीक्षक प्रशांत राव के साथ प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी, सतीश पाठक, आरक्षक धनेश उरांव, लखेश्वर पुरसेठ और अनिरुद्ध सिंह की सराहनीय भूमिका रही। अवैध शराब के विरुद्ध थाना जूटमिल की यह कार्रवाई जारी रहेगा।

## उधारी के पैसे मांगने पर युवक पर जानलेवा हमला, घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम तथा अनुविभागीय अधिकारी सिद्दांत तिवारी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में थाना घरघोड़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। पुलिस की सक्रियता के चलते गंभीर वारदात महज कुछ घंटों में सुलझा ली गई और आरोपी को पकड़ कर जेल भेज दिया गया।

घटना 3 अप्रैल को उस वक्त हुई जब वार्ड क्रमांक 2 घरघोड़ा निवासी रघुनाथ हलवाई उर्फ राजा अपने दोस्त हुकेश्वर बहिदार उर्फ रिंकु के साथ ग्राम बहिरकेला निवासी विजित सिंह राजपूत उर्फ गोलू के घर उधारी की रकम मांगने पहुंचा था।

रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत के दौरान विजित सिंह ने पहले गाली-गलौच की और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर के भीतर से एक धारदार चाकू निकाल लाया। आरोपी ने रघुनाथ पर वार किया बचाव में रघुनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद दोस्त रिंकु ने बीच-बचाव कर रघुनाथ को वहां से सुरक्षित निकाला। घायल अवस्था में थाना पहुंचकर रघुनाथ ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 73/2025 अंतर्गत धारा 296, 351(2), 115(2), 118(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया।

पुलिस विवेचना के दौरान गवाहों के बयान और तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 109(2) बीएनएस भी जोड़ी गई। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में आरोपी विजित सिंह ठाकुर उर्फ गोलू, 34 साल निवासी बहिरकेला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपराध करना स्वीकारते हुए घटना में प्रयुक्त चाकू को भी पुलिस के समक्ष पेश किया, जिसे गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया गया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## उद्योगों में ट्रक ड्रायवर्स व श्रमिकों के लिए पेयजल व छाये की व्यवस्था करने कलेक्टर गोयल ने दिए निर्देश

- वाहन चालकों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाने सभी एसडीएम उद्योग प्रतिनिधियों एवं ट्रांसपोर्टरों की ले रहे संयुक्त बैठक

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के लिए सभी एसडीएम को खनन क्षेत्रों में कार्यरत वाहन चालकों को राहत देने आवश्यक इंतजाम के निर्देश दिए थे। जिसके तहत सभी एसडीएम अनुविभागीय स्तर पर उद्योग प्रतिनिधियों एवं ट्रांसपोर्टरों की बैठक लेकर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित कर रहे है। बैठक में उप संचालक खनिज राजेश मालवे, जिला परिवहन अधिकारी अमित प्रकाश कश्यप, डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह सहित उद्योग प्रतिनिधि एवं ट्रांसपोटर्स उपस्थित रहे।

इसी तारतम्य में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने बैठक लेकर उद्योग प्रतिनिधियों एवं ट्रांसपोर्टरों को वाहन चालकों को लू से बचाव के संबंध के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहन चालक आपके श्रमिक है और उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हम सब सभी की है। उन्होंने वाहन चालकों के लिए पेयजल, छाया तथा यथासंभव भोजन की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उद्योग प्रतिनिधियों को कहा कि प्लांट के बाहर वाहनों की लंबी कतार से वाहन चालकों काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान उन्हें पेयजल, छाया एवं भोजन नहीं मिलने से उसके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी उद्योग प्रतिनिधियों को प्लांट से बाहर पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को ओआरएस की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार ट्रैफिक डीएसपी एवं सहायक संचालक खनिज ने दोपहर में वाहन परिचालन से बचने के निर्देश दिए, ताकि ग्रीष्म में वाहन चालकों को लू से बचाया जा सके। उन्होंने कंपनी प्रबंधकों से कहा कि वाहन चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही लू से बचाव संबंधी पोस्टर लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान ट्रांसपोर्टरों ने भी सहयोग की बात कही।

**खरसिया में एसडीएम डॉ.प्रियंका वर्मा ने ली बैठक**

एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा ने खरसिया अनुभाग अन्तर्गत आने वाले उद्योग प्रबंधकों की बैठक लेकर ग्रीष्म ऋतु के दौरान शीतल पेय जल हेतु स्टॉल लगाने, अग्नि दुर्घटना रोकने के उपाय, सड़कों में धूल से बचाव के लिए पानी छिड़काव करने, भारी गड्ढ़ो में स्लेग भराव करने, मजदूरों एवं ट्रक चालकों को ओआरएस तथा पार्किग व्यवस्था सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

## प्राइवेट कंपनी ने प्रोफेसर से ठगे लाखों रुपए, अपराध दर्ज

रायपुर । आरएनएस

रायपुर की प्राइवेट कंपनी की एक स्कीम के लालच में असिस्टेंट प्रोफेसर समेत 140 लोग फंस गए हैं। कंपनी ने बिना बैंक जाए घर बैठे असिस्टेंट प्रोफेसर को 5 अलग-अलग बैंकों से 72 लाख रुपए का लोन दिलवाया। फिर उन्हें एक इन्वेस्टमेंट स्कीम का झांसा देकर आधे पैसे वापस ले लिए। वादा किया कि लोन की किस्तें अब कंपनी चुकाएगी। लेकिन कंपनी ने धोखा दे दिया। इस मामले में अब कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, त्रिभुवन सिंह ने बताया कि वह शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है। मार्च 2024 में उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। जिसमें कॉलर ने कहा कि क्या आपको लोन की जरूरत है? हमारी कंपनी लोन दिलाती है।फिर उन्हें आरवी ग्रुप स्पाश एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड छोटापारा का पता दिया गया। वहां मौजूद ऑफिस स्टाफ ने लोन के संबंध में बातचीत की। जब त्रिभुवन ने कहा कि उनके सिविल स्कोर की जांच की जाए। तो स्टाफ ने कहा कि आपको कंपनी की गारंटी पर लोन मिल जाएगा। आपको केवल डॉक्यूमेंट देने होंगे। लोन लेने के लिए बैंक भी नहीं जाना पड़ेगा। इसके बाद कंपनी के एक पार्टनर अभय गुप्ता ने पर्सनल लोन के नाम पर 5 अलग-अलग बैंकों चोलामंडलम से 12 लाख, इंडसइंड बैंक से 15 लाख, यस बैंक से 15 लाख, 15 लाख और आदित्य बिरला बैंक से 15 लाख कुल करीब 72 लाख रुपए लोन दिलवाएं।

## आत्मनिर्भरता की राह अब होगी आसान, 26 स्व-सहायता समूहों को 24 लाख 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने स्व-सहायता समूहों को रोजगार से जोड़ने हेतु छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना अंतर्गत स्वीकृत की राशि

रायगढ़





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के उद्देश्य से शासन की योजनान्तर्गत महिला समूहों को न्यूनतम ब्याज दरों पर ऋण प्रदान किया जाता है। जिससे महिलाएं सामूहिक रूप से अपने उद्यम को आगे बढ़ा सकें। इसी कड़ी में रायगढ़ जिले में छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना के तहत 26 समूहों को रोजगार से जोडऩे हेतु कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कुल 24 लाख 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। इनमें से 19 समूह शहरी क्षेत्र व 7 समूह ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित है। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास द्वारा ऋण योजना अंतर्गत समूहों का गठन 01 वर्ष से अधिक, समूह का ग्रेड ए एवं एनआरएलएम पंजीकृत समूहों को रोजगार से जोडऩे हेतु 4 लाख रूपये तक की ऋण राशि सालाना 3 प्रतिशत ब्याज पर स्वीकृत की जाती है।

जिन महिलाओं को ऋण राशि स्वीकृत किये गये हैं, उनमें बाल विकास परियोजना कापू से-शिव स्व सहायता समूह मिरीगुड़ा, चांद स्व-सहायता समूह कापू, स्वाति स्व-सहायता समूह धनपूरी, प्रगति स्व-सहायता समूह माझापारा कापू, रूबी स्व-सहायता समूह पत्थलगांव खुर्द, नारी गुंजन स्व-सहायता समूह बालकपोड़ी, सीता-गीता स्व-सहायता समूह बालकपोड़ी, जिज्ञासा स्व-सहायता समूह खम्हार, गगन स्व-सहायता समूह रामपुर, शांति स्व-सहायता समूह चाल्हा, रीत स्व-सहायता समूह जुनवानी, फलक स्व-सहायता समूह टोकरोडांड, बाल विकास परियोजना तमनार से नव प्रगति पद्मिनी स्व-सहायता समूह झरना, सावित्री स्व-सहायता समूह झरना, दुर्गा स्व-सहायता समूह धौंराभांठा, बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) से गौ-लक्ष्मी स्व-सहायता समूह नवापारा, अन्नपूर्णा महिला स्व-सहायता समूह कलमी, शक्ति स्व-सहायता समूह कुकुर्दा, जय सरस्वती स्व-सहायत समूह कोटमार तथा बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी) से स्वाती स्व-सहायता समूह भोलेपारा ए, जागृति स्व-सहायता समूह गांधी नगर वार्ड 33, साईं स्व-सहायता समूह फटहामुड़ा वार्ड 32, संस्कार स्व-सहायता समूह फटहामुड़ा वार्ड 32, प्रगति स्व-सहायता समूह पंजरी प्लांट, एकता स्व-सहायता समूह पंजरी प्लांट, संस्कार महिला स्व-सहायता समूह गांधी नगर वार्ड 33, स्व-सहायता समूहों को रोजगार से जोडऩे हेतु ऋण राशि स्वीकृत होने पर इन्हें जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा शुभकामनाएं दी हैं।

**व्यवसाय आगे बढ़ाने में मिलेगी मदद-नीलू रत्नेश**

संस्कार स्व-सहायता समूह की महिलाएं मिलकर किराना दुकान संचालित करती है। समूह को 2 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है। समूह की अध्यक्ष नीलू रत्नेश कहती है कि इस राशि का उपयोग किराना दुकान के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में किया जाएगा। दुकान में सामानों की रेंज और वेरायटी बढ़ायेंगे जिससे हमारा दुकान की ग्राहकी बढ़े। शासन द्वारा इतने कम ब्याज दर में राशि उपलब्ध करायी गई है यह एक बढ़ी मदद है। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480